## कार्यालय, प्रभागीय वनाधिकारी टौन्स वन प्रभाग, पुरोला

E-Mail:-dfo_tons@yahoo.co.in, Tel:- 01373223328

पंत्राक– 3659 / 12-1 दिनांक, पुरोला, 21/06/ 2024 ।

सेवा में,

वन क्षेत्राधिकारी,
पुरोला रेंज।

**विषय–** **जनपद उत्तरकाशी के विकास खण्ड पुरोला में एस0सी0एस0पी0 के अन्तर्गत पुरोला जरमोला मोटर मार्ग के कि0मी0 7.00 से सुराणू की सेरी तक मोटर मार्ग निर्माण हेतु 3.097 है0 वन भूमि में बाधक वृक्षों के पुनः संयुक्त निरीक्षण के सम्बन्ध में।**

**सन्दर्भ–** **वन संरक्षक, यमुना वृत्त, उत्तराखण्ड, देहरादून के पत्र सं0–1628/12–1 दिनांक 12.06.2024।**

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के क्रम में वन संरक्षक, यमुना वृत्त, उत्तराखण्ड, देहरादून द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रस्तावित मोटर मार्ग के निर्माण में बाधक वृक्षों की गणना हुये 09 वर्ष से भी अधिक का समय व्यतीत हो चुका है, जिससे वर्तमान में वृक्षों की संख्या एवं व्यास के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट नहीं है।

चूंकि मोटर मार्ग निर्माण में बाधक वृक्षों की गणना हुये 09 वर्ष से भी अधिक का समय व्यतीत हो चुका है, जिस कारण प्रयोक्ता अभिकरण के साथ उक्त मोटर मार्ग में बाधक वृक्षों की पुनः गणना किया जाना नितान्त आवश्यक है, जिस हेतु **दिनांक– 02.07.2024** तिथि निर्धारित की जाती है।

अतः आप निर्धारित तिथि को संयुक्त निरीक्षण में उपस्थित रहना सुनिश्चित करें तथा लोक निर्माण विभाग, पुरोला की सहायता से स्थल की विस्तृत जॉच आख्या, क्षेत्रफल एवं के0एम0एल0 फाईल, जियोटेग्ड फोटोग्राफ्स सहित इस कार्यालय को उप प्रभागीय, वनाधिकारी, टौन्स वन प्रभाग, पुरोला के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

(डी0पी0बलूनी)
प्रभागीय वनाधिकारी,
टौन्स वन प्रभाग, पुरोला।

**पत्रांक एवं दिनांक तदैव**

प्रतिलिपि–1. वन संरक्षक, यमुना वृत्त, उत्तराखण्ड, देहरादून को उनके उपरोक्त सन्दर्भित पत्र के क्रम में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

2. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, पुरोला, उत्तरकाशी को इस आशय से प्रेषित कि आप मोटर मार्ग समरेखण में आने वाले वृक्षों के किनारे पिलरों का निर्माण करने का कष्ट करें ताकि वृक्षों की गणना कर पाना सम्भव हो सकें एवं अपने अधीनस्थ अधिकारी/कर्मचारियों को निर्धारित तिथि को जांच में मौके पर उपस्थित रहने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।
3. उप जिलाधिकारी, पुरोला को इस आशय से प्रेषित कि आप अपने अधीनस्थ अधिकारी/कर्मचारियों को निर्धारित तिथि को जांच में मौके पर उपस्थित रहने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।
4. उप प्रभागीय वनाधिकारी, टौन्स वन प्रभाग, पुरोला को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(डी0पी0बलूनी)
प्रभागीय वनाधिकारी,
टौन्स वन प्रभाग, पुरोला।

O/C

# कार्यालय वन संरक्षक, यमुना वृत्त, उत्तराखण्ड,देहरादून।

87–राजपुर रोड, देहरादून, दूरभाष–0135–2745779 E-mail (yamunacircle@gmail.com)

पत्रांक :– 1628/12–1, देहरादून, दिनांक, 12 जून 2024।

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
टौंस वन प्रभाग,
पुरोला।

विषय :– **एस0सी0एस0पी0 के अन्तर्गत पुरोला जरमोला मोटर मार्ग के कि0मी0 7 से सुराणू की सेरी तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 3.0975 है0 वन भूमि का प्रत्यावर्तन प्रस्ताव FP/UK/ROAD/14708/2015**

महोदय,

परिवेश पोर्टल 1 में गतिमान विषयांकित वन भूमि प्रत्यावर्तन प्रस्ताव जो कि ऑनलाइन दिनांक 09-06-2024 को आपके स्तर से इस कार्यालय को अग्रेषित किया गया है। अवगत कराना है कि प्रस्तावित मोटर मार्ग के निर्माण में बाधक वृक्षों की गणना प्रभाग स्तर से दिनांक 07-02-2015 को सम्पन्न की गई है। उक्त गणना सूची 9 वर्ष से भी अधिक पुरानी है। जिससे कि वर्तमान में वृक्षों की वास्तविक संख्या एवं व्यास के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट नहीं है। पातन हेतु प्रस्तावित वृक्षों में बांज के वृक्ष भी सम्मिलित हैं जिनका स्थलीय निरीक्षण अधोहस्ताक्षरी स्तर से भी किया जाना है।

अतः प्रस्तावित मार्ग के निर्माण में बाधक वृक्षों की वर्तमान स्थिति के अनुसार गणना कर गणना सूची ऑनलाइन अपलोड करने का कष्ट करें ताकि इस स्तर से प्रकरण के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

भवदीया

(कहकशां नसीम, भा0व0से0)
वन संरक्षक,
यमुना वृत्त, उत्तराखण्ड, देहरादून।